TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

16 जुलाई 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

संसार में सफल और सुखी वही लोग है जिसके अंदर

विनय हो और विनय विद्या से ही आती है।

ईश्वर चंद्र विद्यासागर



राकेश कुमार

मधु प्रिया

# धनराज पिल्ले का जन्म 16 जुलाई



धनराज पिल्ले का जन्म 16 जुलाई 1968 को हुआ था। तमिल परिवार में जन्मे पिल्ले ने 1989 में राष्ट्रीय टीम के साथ पदार्पण किया और 15 साल से अधिक के करियर में, भारत के लिए चार ओलंपिक खेलों , विश्व कप और चैंपियन ट्राफियों में से प्रत्येक में भाग लिया। उन्होंने राष्ट्रीय टीम के लिए 339 प्रदर्शन किए और अनौपचारिक रूप से 170 गोल करने के लिए रिकॉर्ड किया गया। वह मलेशिया , फ्रांस , इंग्लैंड और जर्मनी जैसे देशों के क्लबों के लिए भी खेले । उनकी उपलब्धियों को स्वीकार करते हुए, उन्हें 2000 में भारत सरकार द्वारा पद्म श्री से सम्मानित किया गया। वे आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। फरवरी 2014 में और अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की एक फील्ड हॉकी खिलाड़ी और भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान हैं। इस समय वे भारतीय हॉकी टीम के प्रबंधक हैं। साथ ही, वे कंवर पाल सिंह गिल के निलंबन के पश्चात निर्मित भारतीय हॉकी फेडरेशन की अनौपचारिक (एडहॉक) समिति के सदस्य भी हैं।

# जयंती विशेष 16 जुलाई



स्वतंत्रता व समाजवाद की नायिका

## अरुणा आसफ अली

16 जुलाई 1909 – 29 जुलाई 1996

**अरुणा आसफ़ अली** *Aruna Asaf Ali*, जन्म- 16 जुलाई, 1909; मृत्यु- 29 जुलाई, 1996) का नाम भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन में विशेष रूप से प्रसिद्ध है। इन्होंने भारत को आज़ादी दिलाने के लिए कई उल्लेखनीय कार्य किये थे। भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाली क्रांतिकारी, जुझारू नेता श्रीमती अरुणा आसफ़ अली का नाम इतिहास में दर्ज है। अरुणा आसफ़ अली ने सन 1942 ई. के 'अंग्रेज़ों भारत छोड़ो' आंदोलन में महत्त्वपूर्ण योगदान को विस्मृत नहीं किया जा सकता। देश को आज़ाद कराने के लिए अरुणा जी निरंतर वर्षों अंग्रेज़ों से संघर्ष करती रही थीं।




# टेस्ट में भारत की सबसे छोटी हार

(रन के लिहाज से)

| रन | विरुद्ध | चेन्नई | साल |
|---|---|---|---|
| 12 रन | पाकिस्तान | चेन्नई | 1999 |
| 16 रन | ऑस्ट्रेलिया | ब्रिसबेन | 1977 |
| 16 रन | पाकिस्तान | बेंगलुरु | 1987 |
| 22 रन | इंग्लैंड | लॉर्ड्स | 2025 |
| 25 रन | न्यूजीलैंड | वानखेड़े | 2024 |

# प्रधानाध्यापक / प्रधान शिक्षक बनने की

## हार्दिक बधाई सह शुभकामनाएं!

आंखों में एक सपना, आगे बढ़ने की चाहत और एक दृढ़ निश्चय संकल्प जो हमें सफलता दिलाती है। अपने मेहनत और संकल्प के बदौलत आप सभी प्रधानाध्यापक / प्रधान शिक्षक बन गये जिसकी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं! आप सभी की ये सफलता बिहार के शिक्षा के क्षेत्र में इतिहास की एक नई अध्याय की शुरुआत है। आप सभी शिक्षक से प्रधानाध्यापक / प्रधान शिक्षक बने हैं। आप सभी ने इस तथ्य को प्रमाणित किया की अपने कर्म क्षेत्र ( शिक्षक के रूप में ) अति व्यस्त दिनचर्या होते हुए भी मेहनत और ईमानदारीपूर्वक प्रयास किया जाये तो हमें सफ़लता अवश्य प्राप्त होती है। हम सभी जिस क्षेत्र ( शिक्षा ) में अपनी सेवा दे रहें हैं वो क्षेत्र दिल, दिमाग और जुनून का मिश्रण है। आप सभी ने शिक्षक रहते हुए बच्चों के लिए जो कार्य किये हैं वो बिहार के शिक्षा के क्षेत्र में मिसाल है। आप सभी के सफलता में आपके विद्यालय के बच्चों का बहुत बड़ा योगदान है कहते हैं कि विद्यालय सीखने और सिखाने का केंद्र है अगर बच्चे हमसे सीखते हैं तो हम भी बच्चों से सीखते हैं जिस तरह हम बच्चों को नैतिकता और अनुशासन की सीख देते हैं उसी नैतिकता और अनुशासन को आत्मसात करते हुए आप सभी ने सफलता प्राप्त की! पहले आपके पास दिल, दिमाग और जुनून का मिश्रण था अब आपके पास दिल, दिमाग, जुनून और अधिकार का मिश्रण है। आप सभी बिहार के शिक्षा के क्षेत्र में स्वर्णिम युग के नेतृत्वकर्ता बनें इस शुभकामना के साथ आप सभी को पुनः टीचर्स ऑफ बिहार की ओर से प्रधानाध्यापक/प्रधान शिक्षक बनने की हार्दिक बधाई सह शुभकामनाएं!

आलेखकर्ता

राकेश कुमार

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **16.07.2025**

## प्रौद्योगिकी एकीकरण

शिक्षा के संदर्भ में, प्रौद्योगिकी का एकीकरण छात्रों को प्रेरित करने, नए शिक्षण दृष्टिकोणों को सक्षम करने और अद्वितीय अनुप्रयोग प्रदान करने में मदद करता है. सफल एकीकरण के लिए, प्रौद्योगिकी का उपयोग नियमित और पारदर्शी होना चाहिए, पाठ्यक्रम के लक्ष्यों का समर्थन करना चाहिए, और छात्रों को उनके लक्ष्यों तक प्रभावी ढंग से पहुँचने में मदद करना चाहिए.


# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान






भारत के लेह-लद्दाख में गर्मियों के दिनों में 'मिडनाइट सन' यानी मध्यरात्रि सूर्य का दुर्लभ नज़ारा देखने को मिलता है। जब सूरज आधी रात को भी आकाश में चमकता है! यह प्रकृति का वो चमत्कार है, जो हर किसी को हैरान कर देता है।

www.teachersofbihar.org राकेश कुमार


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
"
एक अंकुर फूटकर बोला कि मैं हारा नहीं हूं
एक उल्का-पिंड हूं, तारा नहीं हूं
मृत्यु पर जीवन-विजय उद्घोष करता
मैं अमर ललकार हूं,चारा नहीं हूं।
शिवमंगल सिंह सुमन
Madhu priya
www.padyapankaj.teachersofbihar.org


जन्म 16 जुलाई 1968
Happy Birthday!
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
CNN IBN
THE FOUNDATION
फील्ड हॉकी खिलाड़ी, भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान,भारतीय हॉकी टीम के प्रबंधक
धनराज पिल्ले
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।
Madhu priya
/teachersofbihar



भारतीय शिक्षिका, राजनीतिक कार्यकर्ता और प्रकाशक पद्म विभूषण एवं भारत रत्न से सम्मानित

# अरुणा आसफ अली

की जयंती पर सादर नमन।

16 जुलाई 1909-29 जुलाई 1996

www.teachersofbihar.org

Madhu priya